Publication: RashtraPatrika
Date: 11.09.2015
Page:09
Headline: Bhagat and Parmar win the Nagpur edition of the TCS IT Wiz quiz

टीसीएस आईटी विज क्विज में भगत व परमार पुरस्कृत

▸ नागपुर - 1999 में शुरू किया गया टीसीएस विज 8 से 12 वीं के छात्रों के लिये सबसे बड़ा इंटर स्कूल आईटी क्विज है। विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने इसके नागपुर संस्करण में भाग लिया। ध्यान रहे अग्रणी आईटी सेवा प्रदाता, कंसल्टिंग एवं बिजनेस सोल्युशंस टाटा कंसल्टैंसी सर्विसेज (टीसीएस) की ओर से सिविल लायंस स्थित डॉ. वसंतराव देशपांडे हाल में इसे आयोजित किया गया था। इस क्विज में कोई प्रवेश शुल्क नहीं था।

▸▸ विशेष अतिथि आलोक कुमार छात्रों को पुरस्कृत करते हुये।

क्षेत्रीय स्तर के फाइनल में क्विज के 5 राउंड के बाद राहुल भगत और उदित परमार (एसएफएस ज्यू. कालेज) विजेता बने। इस वर्ष क्षेत्रीय विजेता को एक आईपैड एयर तथा उपविजेता बनने वाले अर्चित वेणुगोपालन और संचित खेड़कर की सेंटर पाईंट स्कूल को एक-एक आईपैड मिनी दिया गया। साथ ही विशेष रूप से डिजाइन की गई ट्राफी और पदक विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित आलोक कुमार (टीसीएस के इंटरनल आईटी व शेयर्ड सर्विसेज वाइस प्रेजिडेंट व ग्लोबल हेड) के हस्ते प्रदान किया गया। इस वर्ष टीसीएस आईविज क्विज का 15 स्थानों पर आयोजन किया गया। उक्त विजेता मुंबई के राष्ट्रीय फाईनल में भाग लेंगे। (M.B.)